तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 गुरू गोविंद सिंह 359वीं प्रकाश पर्व पर बसना में ...



12 विधायक ने सरस्वती साइकिल योजना के ..



## खबर संक्षेप

### कुर्सी चोरी का आरोप लगाकर मारपीट

**महासमुंद।** कुर्सी चोरी का आरोप लगाकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुनु वासुदेव निवासी लाखागढ़ ने बताया कि 2 जनवरी को घर के सामने रहने वाला लल्ला खान उसे घूमने के बात कहकर पिथौरा कॉलेज के पीछे ले गया और कहा कि हमारे घर की कुर्सी चोरी करके ले गये हो। साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद फोन करके अपने दोस्तों को बुलाया। इस दौरान लल्ला खान हाथ मुक्का व लकडी के डंडे से मारपीट करने लगा। जब उसके दोस्त आये, तो उन्होंने भी गाली-गलौज कर मारपीट की, जिनमें से एक ने सिगरेट से सके हाथ और पेट को जला दिया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मुर्गा खिलाने से मना करने पर प्रधान पाठक से की मारपीट

**महासमुंद।** मुर्गा खिलाने से मना करने पर स्कूल में घुसकर एक व्यक्ति द्वारा प्रधान पाठक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। घटना ग्राम धुमाभांठा की है। घटना को लेकर प्राथमिक शाला धुमाभांठा के प्रधान पाठक नीरज कुमार दास पिता स्व सुदर्शन दास ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को लगभग 12 बजे वह विद्यालय में परीक्षा ड्यूटी के दौरान स्कूल के बरामदे में था। उसी समय गांव का अशोक भैना आया और विद्यालय में पार्टी करने मांस मुर्गा खिलाने कहा, जब उसने मना किया तब गाली गलौज करते हुए हाथ से मेरे गाल पर मारा एवं कालर पकड़कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध धारा 121, 221, 132, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# एसआईआर फॉर्म सुधार के लिए ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा एसआईआर फॉर्म में त्रुटि सुधार के लिए क्लस्टर व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन यह व्यवस्था आम जनता के लिए राहत के बजाय मुसीबत का सबब बनती जा रही है। पूरे महासमुंद ब्लॉक के लिए महज 10 क्लस्टर केंद्र बनाए गए हैं, जिसके कारण दूर-दराज के गांवों से लोगों को जिला मुख्यालय या तय केंद्रों तक लंबी दूरी तय कर पहुंचना पड़ रहा है। अभी चल रहे शीतलहर और आवागमन के साधनों के अभाव के बीच ग्रामीण अपनी दिनभर की मजदूरी छोड़कर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या तब खड़ी होती है जब घंटों लाइन में लगने के बाद दस्तावेजों में कमी बताकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है। साधन की कमी और आर्थिक तंगी के बीच बेरंग लौटना ग्रामीणों के लिए मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना जैसा है। केंद्र पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे रामू निषाद ने बताया, मैं सुबह 9 बजे से घर से निकला हूं, ऑटो का किराया देकर यहां आया लेकिन अब कह रहे हैं कि दूसरा कागज लाओ। आज की मजदूरी भी गई और काम भी नहीं हुआ। वहीं शांति बाई का कहना है कि गांव के पास केंद्र होता तो आसानी होती, इतनी दूर आने-जाने में ही थक जा रहे हैं। गंगाराम साहू और बिहारी लाल एवं क्लस्टर में पहुंच रहे लोगो का कहना है कि सुधार की प्रक्रिया में क्लस्टरों की संख्या बढ़ाई जाने की जरुरत है ताकि हर ग्राम पंचायत स्तर पर सुधार कार्य हो सके और लोगों को जिला मुख्यालय के चक्कर न काटना पड़े। सिर्फ 10 केंद्रों के भरोसे ब्लॉक की बड़ी आबादी को छोड़ देना हजारों लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहा है। यदि जल्द ही केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो कई पात्र लोग इस प्रक्रिया से वंचित रह सकते हैं।

### महज 10 क्लस्टर केंद्रों के भरोसे हजारों लोग

#### समय और पैसे की दोहरी मार

महंगाई के इस दौर में एक ग्रामीण के लिए गांव से जिला मुख्यालय तक का सफर तय करना किसी चुनौती से कम नहीं है। एक व्यक्ति को आने-जाने और दिन भर के खाने-पीने में 150 से 250 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। कई ग्रामीण अपने साथ एक मददगार भी लाते हैं, जिससे यह खर्च दोगुना हो जाता है। खेती-किसानी और मजदूरी का सीजन होने के कारण, एक दिन मुख्यालय आने का मतलब है उस दिन की दिहाड़ी का सीधा नुकसान होना तय है।



#### बुजुर्गों-महिलाओं की बढ़ी मुश्किलें

शिविर स्थल पर उमड़ रही भीड़ में सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग और महिलाएं को होने वाली हैं। लंबी दूरी तय करने की थकान और फिर मुख्यालय में घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना उनकी सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। जिला मुख्यालय आए ग्रामीण ने बताया, हमें नोटिस देकर बुलाया गया है, लेकिन यहां इतनी भीड़ है कि हमे अपने बारी के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है एवं बैठने की व्यवस्था भी नहीं की गई है। अगर यही काम हमारे ग्राम पंचायत स्तर में होता, तो हमें इतनी तकलीफ नहीं होती।

**अपराध :** सिंघोड़ा और बसना पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी फरार

# दो मामलों में 41.86 लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में तस्करी के दो मामलों में पुलिस

- दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार सिंघोड़ा और बसना पुलिस की कार्रवाई

ने 41.86 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। इन मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, वहीं एक आरोपी भाग निकला। इन घटनाओं को लेकर सिंघोड़ा और बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पहले मामले में सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक ऑटो में ओडिशा की ओर से अवैध



मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके ग्राम रेहटीखोल पहुंच कर पुलिस ने नाकाबंदी की। इसी दौरान ऑटो क्रमांक सीजी 07 बीआर 6305 वहां आया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम गोविंद राम पिता रामायण राम (32 साल) जादोपुर मंसूरीटोला थाना जादोपुर जिला गोपालगंज बिहार एवं पीछे सीट में बैठे व्यक्ति ने गयासुद्दीन आलम पिता फुल मोहम्मद मियां (36 साल) जादोपुर मंसूरीटोला थाना जादोपुर जिला गोपालगंज बिहार होना बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान ऑटो कुल 60 किलोग्राम गांजा कीमत 30 लाख रुपए बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(ग) नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### बसना पुलिस ने जब्त किया 23 किलो गांजा, आरोपी फरार

दूसरे मामले में बसना पुलिस ने गढ़पटनी रोड तिराहा बसना के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन महिंद्रा एक्सयूवी 500 के एमएच 24 एबी 1947 का चालक द्वारा पुलिस चेकिंग को देख कर हड़बड़ाते हुए अपने वाहन को मोड़ कर भागने लगा जिसे देख कर शंका होने पर उसका पीछा करने पर संदेही अपने वाहन को सिटी ग्राउंड के गेट को ठोकर मारकर वाहन को चालू हालत में छोड़कर फरार हो गया, जिसकी आस पास तलाश की गई,लेकिन वह नहीं मिला। वाहन की तलाशी लेने पर कुल 23.30 किलोग्राम कीमत 1186500 रुपए को जब्त किया गया। मामलेमें अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट, 281, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# 42 हजार की शराब जब्त, 6 बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा पुलिस ने दो मामलों में आरोपियों के कब्जे से 42 हजार रुपए की शराब जब्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले मामले में ग्राम झलप झूमर तालाब के पास चार लोगों के कब्जे 384 नग रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 30720 रुपए और आल्टो कार को बरामद किया। मामले में आरोपी नित्या सांडव पिता भिखारी सांडव (27 वर्ष) निवासी ग्राम मेमरा, शरद तिवारी पिता विनोद तिवारी (20 वर्ष) निवासी ग्राम परसापाली, कमलेश कुमार डड़सेना पिता दीनाराम डड़सेना (35 वर्ष) निवासी ग्राम राजासेवैया, मिनकेतन नाग पिता जयकृष्ण नाग (26 वर्ष) ग्राम मेमरा के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



इसी तरह दूसरे मामले में पटेवा पुलिस ने पटेल मुर्गा फार्म के पास गोंगल रोड आरोपी लोकेश जोगी पिता भोजराम जोगी (34 वर्ष) छिंदौली, हेमलाल जोगी पिता पोखन जोगी (27 वर्ष) छिंदौली के कब्जे से रोमियो देशी प्लेन शराब 50 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 12000 रुपए व मोटर साइकिल बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने डीईओ को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**महासमुंद।** अर्धवार्षिक परीक्षा में चौथी कक्षा के प्रश्न क्रमांक एक को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरे दिन भी एबीवीपी और छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने विरोध जताया और जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विहिप और एबीवीपी ने सात दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। जिला शिक्षा विभाग में पुलिस तैनात रही और एबीवीपी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में डीईओ कार्यालय पहुंचे। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि राम शब्द को जानबूझ कर लिखा गया है। जो भी इसका दोषी है, उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। संयुक्त संचालक की चार सदस्यीय टीम गुरुवार शाम को जिला शिक्षा कार्यालय पहुंची। टीम में संजीव श्रीवास्तव और सतीश नायर शामिल थे। डीईओ विजय लहरे ने कहा कि यह प्रश्न पत्र उनके कार्यालय या शिक्षकों द्वारा तैयार नहीं किया गया था। यह वेंडर के पास छपने गया था और वहीं से गलत रूप में आया। जैसे ही संज्ञान में आया, गलत विकल्प को हटा दिया गया। लोक शिक्षक संचालनालय ने डीईओ विजय लहरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने पत्र में डीईओ को लिखा है कि दायित्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरती गई है। सिविल सेवा आचरण नियम 1905 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार है।

## नगर पहुंचने पर बैडमिंटन खिलाड़ी का स्वागत



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला में नेपाल को 3- 0 से हराकर महासमुंद की बेटी लक्ष्मी चंद्राकर के आगमन पर बस स्टैंड में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बेमचा निवासी नरेश चंद्राकर की सुपुत्री बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय में भाग लेने भारत की ओर से नेपाल के विराटनगर कोच प्रभारी लाला (नरेश) चंद्राकर के साथ 14 दिन पूर्व गई थी। जहां से अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में गोल्ड मेडल हासिल की। देवी चंद ने लक्ष्मी के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर महासमुंद का गौरव बताया और कहा कि महासमुंद के साथ छत्तीसगढ़ का भी नाम लक्ष्मी ने रोशन किया है। वर्तमान में लक्ष्मी स्पोर्ट्स कोटा से चेन्नई में एमबीए की पढ़ाई कर रही है।

# रबी के लिए कोडार बांध से छोड़ा पानी, गिरते भू-जल स्तर से चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे गांवो के जीवनदायिनी माने जाने वाले कोडर बांध से खरीफ सीजन में लगातार 83 दिनों तक सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने के बाद, अब प्रशासन ने रबी फसलों के लिए भी नहरों में पानी खोल दिया है। हालांकि, एक तरफ जहां खेतों में हरियाली की उम्मीद जागी है, वहीं दूसरी तरफ जिले के गिरते भू-जल स्तर ने भविष्य के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।



कोडर बांध में वर्तमान जल स्तर 25.20 फीट दर्ज किया गया है, जो आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में जल संकट गहराने का संकेत दे रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा पिछले काफी समय से किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान के बदले कम पानी वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन और मक्का की ओर मोड़ना है। लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। रबी के सीजन में भी अधिकांश क्षेत्रों में किसान धान की खेती को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसमें पानी की खपत अत्यधिक होती है। जागरूकता कार्यक्रमों के अभाव और वैकल्पिक फसलों के लिए ठोस बाजार व्यवस्था न होने के कारण किसान पुरानी पद्धति को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

### भू-जल स्तर में गिरावट भविष्य में सूखे के आसार

विशेषज्ञों का मानना है कि रबी में धान की फसल के लिए अत्यधिक सिंचाई आने वाले महीनों में भारी पड़ सकती है। जिले का भू-जल स्तर साल-दर-साल नीचे गिरता जा रहा है। नलकूपों के माध्यम से सिंचाई के लिए जमीन से अंधाधुंध पानी निकाला जा रहा है। यदि वर्तमान में उपलब्ध पानी का सही प्रबंधन नहीं किया गया, तो मार्च और अप्रैल के महीनों में पीने के पानी (पेयजल) की भारी किल्लत हो सकती है।

### कोडर बांध की वर्तमान स्थिति

कोडर बांध की कुल क्षमता के मुकाबले वर्तमान में पानी का स्तर 25.20 फीट है। खरीफ सीजन में 83 दिनों तक पानी की आपूर्ति के बाद बांध का भंडार कम हुआ है। अब रबी के लिए पानी छोड़े जाने से बांध का जल स्तर और तेजी से नीचे आएगा। यदि इस साल गर्मी समय से पहले शुरू हुई या तापमान में अधिक वृद्धि हुई, तो बांध का पानी तेजी से वाष्पीकृत होगा, जिससे निस्तारी और मवेशियों के लिए भी पानी की कमी हो सकती है।

## जिले में श्रम कानूनों के पालन के लिए संयुक्त टीम ने लिया जायजा

# टीम ने किया सोलर पॉवर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में श्रम कानूनों के अनुपालन सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कार्रवाई की गई। इसी क्रम में मेसर्स गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा ग्राम जंगलबेड़ा में निर्माणाधीन सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान सिद्धार्थ दुबे एवं श्रम उपनिरीक्षक बेलारसन बघेल मौजूद रहे।



विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। वहीं श्रम विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि सोलर पैनल फिटिंग का कार्य ठेकेदार केएसएल क्लिनटेक लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अंतर्गत जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि ठेकेदार द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत 200 श्रमिकों हेतु अनुज्ञप्ति ली गई है, किंतु भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं की गई है। इस पर ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के भीतर उक्त अधिनियम के अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही निरीक्षण में ओवरटाइम एवं वेतन कटौती से संबंधित पंजी संधारित नहीं पाया गया। इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम केंदूढार स्थित लक्ष्मी ब्रिक्स (चिमनी भट्ठा) का भी निरीक्षण किया गया। यहां श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 एवं वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अंतर्गत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का बाल श्रमिक नहीं पाया गया। सूचना प्रदर्शन नहीं पाए जाने पर संबंधित को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। विधिक माप विज्ञान विभाग के निरीक्षण में यहां कोई माप उपकरण भी प्राप्त नहीं हुआ। जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इस प्रकार की निरीक्षण कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, 150 कट्टा धान एवं एक वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए संयुक्त टीम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल ने ग्राम दमोदरहा क्षेत्र में निगरानी के दौरान एक 407-वाहन को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा। वाहन चालक द्वारा धान के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।



जब्त किए गए 407-वाहन को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए थाना सरायपाली को सुपुर्द किया गया है। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बागबाहरा कला में 150 कट्टा धान जब्त किया गया है। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी के विरुद्ध अभियान जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### कुहरी के प्राथमिक स्कूल में हुआ न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला कुहरी, संकुल केंद्र छपोराडीह में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा द्वारा पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, बड़ा, सब्जी, जलेबी, कलाकंद तथा केला परोसा गया। बच्चे प्रसन्नचित्त होकर न्योता भोज का आनंद लेते नजर आए। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए जिला मिशन समन्वयक शर्मा ने कहा कि सभी बच्चे भारत के भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने से बड़ों का सम्मान करने, माता-पिता एवं गुरुजनों के दिए गए निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को खेलकूद एवं योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ एवं चुस्त-दुरुस्त रखने की सीख दी। इस अवसर पर एपीसी समग्र शिक्षा संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक नीरज साहू, प्रधान पाठक सालिक राम सेन, शिक्षक विनय कुमार यादव, रसोईया तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## निधन

### अमृतकुंवर कश्यप



**बसना।** ग्राम भठोरी निवासी अमृतकुंवर कश्यप का स्वर्गवास 02 जनवरी शुक्रवार को हो गया है। वे दिगंबर कश्यप की मां एवं रूपानंद कश्यप की दीदी थीं।



# महासमुंद में बिहान योजना से महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

## खल्लारी में महिला आजीविका दुकान से रोजगार हुआ सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के खल्लारी क्षेत्र में बिहान योजना के तहत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित आजीविका दुकान से रोजगार सुनिश्चित हो रहा है। बिहान अंतर्गत गठित ओम सत्य साईं स्वसहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाते हुए इस दुकान को स्थापित किया है, जो न केवल स्थानीय उत्पादों का विक्रय केंद्र बन रही है बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। तिरंगा ग्राम संगठन भीमखोज खल्लारी से जुड़ीं महिलाएं, जिनमें संतोषी सिंह (अध्यक्ष), वंदना यादव और



माला यादव (सदस्य) शामिल हैं, इस पहल की अगुवाई कर रही हैं। दुकान में सिलाई कार्य से बने उत्पाद, खिलौने, साबुन, सूपा, सारी फिनाइल, मिट्टी के बर्तन और अन्य हस्तशिल्प सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। ये उत्पाद पूरी तरह से महिला समूहों द्वारा निर्मित हैं, जो उन्हें सीधे बाजार तक पहुंचाने का माध्यम प्रदान कर रही है। इससे महिलाओं को बिचौलियों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ती और वे अपने उत्पादों से सीधा लाभ कमा सकती हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके दुकान में जिले के विभिन्न स्व सहायता समूहों के उत्पादों को लाकर विक्रय किया जाता है। बिहान योजना, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का हिस्सा है, ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक स्वावलंबन के अवसर प्रदान करती है। इस तरह की दुकानें स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संतोषी सिंह ने बताया कि यह दुकान हमारे लिए सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हम अन्य महिलाओं को भी इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। विगत दिनों जिला पंचायत के सीईओ हेमंत नंदनवार द्वारा दुकान का शुभारंभ किया गया।

चर्चा : गढ़फुलझर में चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों से की चर्चा

# गढ़फुलझर में आवास-रोजगार दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राज्य सरकार के निर्देश के अनुक्रम में 07 जनवरी 2026 को प्रथम बार चावल महोत्सव और रोजगार दिवस के दिन आवास दिवस का भी आयोजन प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया। जिसके परिपालन में जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़फूलझर में आवास दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें हेमंत नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद, पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना, नयन प्रधान अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बसना, प्रेमचंद बंजारे कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, देवेंद्र ध्रुव (पीएमएवाय-जी) तकनीकी सहायक, हरप्रीत कौर/हरजू सिंह ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार,



आवास एवं आजीविका से संबंधित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों के नामों का वाचन कर उन्हें अवगत कराया गया। हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु प्राप्त किश्तों, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण (कन्वर्जेंस) के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सीईओ हेमंत नंदनवार ने हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने अप्रारंभ आवास को जल्द-जल्द से प्रारंभ करने एवं अपूर्ण आवास को पूर्ण करने के लिए बोला गया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत–जी राम (जी आरएएम) गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई, भू-जल पुनर्भरण तथा वाटरशेड विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा, जिससे एक ओर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो दूसरी ओर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा।

# गिधामुंडा में हुआ एनएसएस शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोषगांव का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सरायपाली के आश्रित ग्राम गिधामुंडा में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। जहां शिविरार्थी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न शैक्षणिक सह संज्ञानात्मक एवं रचनात्मक कार्यों में एक कदम स्वच्छता की ओर, योग प्राणायाम धर्म आध्यात्म आस्था विज्ञान सम्मत निरोगी स्वस्थ तन स्वस्थ मन तनावमुक्त दिनचर्या व्यक्तित्व विकास, व्यसन मुक्त समाज, मितव्ययता, सेवा परोपकार भावना, सशक्त समाज, समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना को लेकर प्रत्येक दिवसों में अंचल के अनुभवी समाजसेवी साहित्यकारों का उद्बोधन सराहनीय रहा। समापन दिवस पर वर्तमान समसामयिक घटनाक्रमों ज्वलंत जल, जंगल, जमीन विषयों पर आधारित प्रेरक देशभक्ति भावना से ओतप्रोत गीतों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया। जहां बच्चों को हर प्रस्तुतियों पर उत्साहवर्धन के साथ पुरस्कार दिये गये। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विद्याभूषण सतपथी समाजसेवी मंत्री एवं संचालक फुलझर सेवा समिति अध्यक्षता बीआर भोई प्राचार्य, विशिष्ट अतिथियों में मंजूलता देवराज यादव सरपंच ग्राम पंचायत सरायपाली, ग्राम प्रमुख गौंटिया महेंद्र साहू प्रहलाद सिदार पूर्व सरपंच, जगदीश सिदार सरपंच ग्राम पंचायत लमकेनी, मोहित रौतिया सरपंच ग्राम पंचायत तोषगांव, गयाराम सिदार अध्यक्ष शाला विकास समिति गिधामुंडा, सुमति साहू पंचगण सहित शिविर के मार्गदर्शक एवं कार्यक्रम अधिकारियों में महेंद्र विशाल व्याख्याता, पूर्णिमा प्रधान शिक्षिका एवं लक्ष्मीकांत पात्र शिक्षक का मनमोहक आकर्षक मंचीय संचालन रहा। जहां विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं कर्मचारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में आयोजन हुआ। उपरोक्त जानकारी राजेन्द्र सिंह सिदार शिक्षक ने दी है।

# जिला पशु चिकित्सालय में किया जा रहा है पशुओं का सफल उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पशु चिकित्सालय महासमुंद में गंभीर बीमारी एवं अस्वस्थ पशुओं का निःशुल्क उपचार किया जाता है। इसी कड़ी में विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम नांदगांव के पशुपालक डोमार यादव की 3 वर्षीय संकर बीटल बकरी का सफलतापूर्वक सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। बकरी पिछले दो दिनों से गंभीर प्रसव पीड़ा में थी, जिसे उपचार के लिए जिला पशु चिकित्सालय लाया गया था। बकरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा तत्काल सिजेरियन



ऑपरेशन का निर्णय लिया गया। ऑपरेशन दल में डॉक्टर कमलेश चौधरी, डॉ. नीलकंठ ध्रुव (एमवीयू), डॉ. शैलेश विशाल, लालसाय सिदार एवं हेमा साहू शामिल रहे। चिकित्सकीय टीम द्वारा पूरी सतर्कता एवं कुशलता के साथ ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान एक मृत बच्चे को बाहर निकाला गया। जिला पशु चिकित्सालय महासमुंद द्वारा पशुपालकों से अपील की गई है कि पशुओं में किसी भी प्रकार की जटिलता या प्रसव संबंधी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय में संपर्क करें, ताकि समय रहते उचित उपचार किया जा सके।

# विभागीय लापरवाही, युकां ने दी कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा में गंभीर लापरवाही सहित विभिन्न शिकायत के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा का समय सारणी आनन-फानन में जारी करना और स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक चल रहे परीक्षा को औपचारिकतावश विभाग द्वारा निभाया जा रहा है। अर्धवार्षिक परीक्षा में स्कूलों में प्रश्न पत्र नहीं भेजना, प्रश्न पत्र के स्थान पर पीडीएफ बस भेजना जो आंकलन की औपचारिकता



बस को दर्शाता है। बच्चों को परीक्षा देने के लिए प्रश्न को ब्लेक बोर्ड पर लिखा गया है एवं फोटोकापी कराकर भी उनको प्रश्न पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सके। ऐसे में बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती है। युक्तिकरण किये गये विद्यालयों में राशि प्राप्त तक नहीं आया है। ऐसे विद्यालय में चाक, डस्टर, स्टेशनरी सामग्री के अभाव में पढ़ाई के नाम पर दिखावा हो रहा है। अर्धवार्षिक परीक्षा को पुनः सभी छात्रों को प्रश्न पत्र प्रदान कर किया जाये और सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधा 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराया जाए अन्यथा विभागीय अधिकारी के मनमानी पूर्ण व्यवहार के कारण कलेक्टर कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# प्रशासनिक लापरवाही से भगवान श्रीराम का अपमान बर्दाश्त नहीं : अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला शिक्षा अधिकारी सहित समस्त जिम्मेदारों पर हो सख्त कार्रवाई



कक्षा चौथी के प्रश्न पत्र में भगवान श्रीरामचंद्र के नाम का अपमानजनक उल्लेख होने पर इसे जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि प्रश्न पेपर का प्रकाशन विभाग का दायित्व है। लेकिन, विभाग द्वारा प्रिंटर द्वारा की गई त्रुटि बताकर पल्ला झाड़ा जा रहा है, जो सरासर निंदनीय है। उन्होंने करोड़ों हिंदुओं के आस्था को ठेस पहुंचाने वालों पर उचित जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। अमर ने कहा कि महासमुंद जिले की अर्धवार्षिक परीक्षा (कक्षा चौथी) में पूछे गए एक प्रश्न ने जिलेभर में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। परीक्षा प्रश्न–पत्र के एक सवाल में भगवान श्रीराम के नाम पर आपत्तिजनक उल्लेख किया गया है।

# नयापारा में पांच कुंडीय महाकाली यज्ञ 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम अछरीडीह नयापारा में तीन दिवसीय पांच कुंडीय महाकाली यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन 16 शुक्रवार से बाजार चौक परिसर में होगा। प्रथम दिवस कलश यात्रा, माता स्थापना में देवी महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शाम 7 बजे ग्राम मंडली द्वारा मानसगण एवं रात्रि 10 बजे गायत्री मानस मंच की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। द्वितीय दिवस दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक बालकृष्ण मानस परिवार रेंगाडीह बलौदाबाजार द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 3 बजे साधु सम्मेलन मंडल महंत उमेशानंद महाराज का अमृत वचन, रात्रि 7 बजे से 11 बजे तक जस गीत झांकी, शिव शक्ति एवं फाग परिवार कसही की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। महंत गोबिंद गिरी महाराज द्वारा संबोधन एवं 1008 उमेशानंद गिरी महाराज का संबोधन की प्रस्तुति देंगे। तृतीय दिवस सुबह 10 बजे से योगेश्वरी मानस परिवार द्वारा जस जगराता की प्रस्तुती प्रस्तुत किया जाएगा। 1 बजे पूर्णाहुति माता विसर्जन, सुर श्रृंगार जस जगराता रायपुर की सांग बाना के साथ व रात्रि 11 बजे गंवई के हीरा नाचा पार्टी देवरा बसना की प्रस्तुति दी जाएगी। महंत स्वामी गणेशनंद गिरी महाराज द्वारा देवी पुराण रहस्य प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। प्रथम दिवस यज्ञकर्ता टोहल निषाद द्वारा माँ काली जी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। पांच कुंडीय महाकाली महायज्ञ गुरुदेव छबि राम ध्रुव के नेतृत्व में किया जाएगा। आचार्य खोमेश शर्मा द्वारा मंत्र जाप के साथ पाठ किया जाएगा। यज्ञकर्ता टोहल निषाद ने ग्रामीणों सहित आसपास के श्रद्धालुओं को यज्ञ में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारी में रघुवीर शरण सिंह ठाकुर, मैथलीशरण ठाकुर, लोकनाथ निषाद, बुधेश्वर साहू, सूरज सिंह, अंबर सिंह, धनसिंग निर्मलकर, रूपेश निषाद, देव साहू, तुलेश निषाद, अजय चक्रधारी, रजत पांडे, चंदन साहू, नागेश साहू, लोकेश जलक्षत्री, दिनेश निर्मलकर, रामा निषाद, गंगाराम निषाद, मोरध्वज यादव, शुभम निषाद, राकेश शर्मा, रवि साहू, धनाऊ निर्मलकर, सागर तिवारी, नारायण ध्रुवंशी, सोनू चक्रधारी, रेवाराम साहू, विनोद निषाद, लाला लक्ष्मी ध्रुवंशी आदि जुटे हुए हैं।

## मुक्तिधाम सेवा समिति सदस्यों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**महासमुंद।** मुक्ति धाम सेवा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान के सदस्य के राजू चंद्राकर, ओमप्रकाश औसर, गुमान जैन, संजय साहू, सुरेश साहू आदि शामिल रहे।

# छात्रों के लिए जिला स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन स्पर्धा चयनित प्रतिभागी रायपुर साहित्य उत्सव में होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं जनसंपर्क विभाग के आदेश एवं प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के निर्देशन में 8 जनवरी 2026 को महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय कविता एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी विभाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में साहित्य वातावरण को जागृत करना एवं नई पीढ़ी को साहित्य के साथ जोड़ना है। साहित्य विकास की परंपरा को आगे बढाते हुए युवा प्रतिभागियों को सामने लाने और भावी साहित्यकार तैयार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन का एक नया प्रयास है।

कार्यक्रम में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर करूना दुबे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवा



प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ दुर्गावती भारती विभाग अध्यक्ष हिंदी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थी 23, 24 एवं 25 जनवरी को रायपुर साहित्य उत्सव में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में टेकराम सेन व्याख्याता जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आशुतोष पुरी गोस्वामी सहायक प्राध्यापक, गायत्री चंद्राकर सहायक प्राध्यापक, प्रतिमा चंद्राकर, मनहरण ठाकुर, दिलीप बढाई, डॉ जीवन चंद्राकर, डॉ कलाम रेखा, कल्याणी साहू उपस्थित थे। कहानी लेखन में प्रथम ऋचा चंद्राकर, द्वितीय सुषमा साहू, तृतीय योशिका ठाकुर एवं प्रोत्साहन के लिए विजय लक्ष्मी साहू, खेमिन चक्रधारी, दुर्गा साहू एवं कविता लेखन में प्रथम देवयानी सोनवानी, द्वितीय शुभम यादव, तृतीय दुर्गा बरिहा एवं प्रोत्साहन के लिए खेमचंद साहू, भूमिका दुबे, नूतन निषाद का चयन निर्णायक समिति द्वारा किया गया।

# जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर के निर्देशन एवं नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर महासमुंद के जीएनएम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के 87 छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं कॉलेज के अध्यापक को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या के रोकथाम के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर14416 की जानकारी भी दी गई। जीएनएम सेंटर से साधना रामटेके प्रिंसिपल, लोकेश्वरी साहू, तारिणी वर्मा, स्मृति कुमार चंद्राकर का सहयोग रहा। जिसमें जिला हॉस्पिटल महासमुंद से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे साइकियाट्रिक सोशल वर्कर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम में गहन प्रकाश और खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर द्वारा तनाव प्रबंधन विशेष जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रश्न के विकल्प को लेकर स्पष्टीकरण

**महासमुंद।** जिले में आयोजित कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा के अंग्रेजी विषय के एक प्रश्न के संभावित उत्तरों के चार विकल्पों में से एक विकल्प को लेकर उत्पन्न स्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने स्थिति स्पष्ट किया है। डीईओ लहरे ने बताया कि संबंधित प्रश्न का चयन कर उसे प्रिंट के लिए भेजा गया था, किंतु वह प्रश्न पत्र प्रकाशित न होकर दूसरा प्रश्न पत्र का प्रकाशन हुआ। प्रश्न पत्र की गोपनीयता के कारण उसे परीक्षा केंद्र में ही खोला गया। जैसे ही संबंधित विकल्प के संबंध में जानकारी संज्ञान में आया, तत्काल उस विकल्प को हटाकर नया विकल्प दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित वेंडर को पत्र लिखकर प्रकाशित पांडुलिपि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा यह भी जानकारी मांगी गई है कि प्रश्न पत्र कैसे बदल गया। डीईओ लहरे ने स्पष्ट किया कि विभाग की मंशा किसी भी प्रकार से किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इस कारण किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है, तो वे जिला शिक्षा अधिकारी होने के नाते विनम्रतापूर्वक खेद प्रकट करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक सावधानियां बरती जाएंगी और प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

### दो दिवसीय सत्संग 10 से

**महासमुंद।** स्थानीय अंजोरी भवन, शास्त्री चौक के पास 10-11 जनवरी को दो दिवसीय भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। इस आध्यात्मिक आयोजन में सूरत (गुजरात) स्थित कबीर आश्रम से विवेक साहेब अपनी संत मंडली के साथ प्रवचन देने पहुंचेंगे। वहीं मुरा, धमतरी से साध्वी सुमन साहेब भी अपनी मंडली सहित सहभागिता करेंगी। सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं सायं 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों ने अधिकतम श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है।

## 24वां स्थापना दिवस : उत्साह और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाया

# हिंदी दैनिक हरिभूमि के स्थापना दिवस पर जन्मदिन योजना के पाठक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक 'हरिभूमि' ने अपने 24वें स्थापना दिवस को उत्साह और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाया। इस अवसर पर पाठकों के लिए विशेष रूप से आयोजित 'जन्मदिन उत्सव योजना' के अंतर्गत जिले में भी पाठकों को सीधे लाभ पहुंचाया गया। योजना के तहत चयनित पाठकों को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए, जिससे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

हरिभूमि द्वारा वर्षों से पाठकों के साथ मजबूत और भरोसेमंद रिश्ता बनाया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थापना दिवस के अवसर पर महासमुंद हरिभूमि जिला कार्यालय में उन पाठकों को सम्मानित किया गया, जो लंबे समय से अखबार से जुड़े हुए हैं। उपहार वितरण कार्यक्रम के दौरान पाठकों ने हरिभूमि परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अखबार केवल समाचार ही नहीं देता, बल्कि समाज से सीधे जुड़कर सकारात्मक पहल भी करता है।




कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों और हरिभूमि से जुड़े कर्मियों ने पाठकों को उपहार सौंपे। इस दौरान यह भी बताया गया कि हरिभूमि निरंतर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाता रहा है और आगे भी सामाजिक सरोकारों के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता के अपने संकल्प पर कायम रहेगा। जिले में इस तरह की पहल से पाठकों में अखबार के प्रति विश्वास और गहरा हुआ है।

### पाठकों ने कहा- हरिभूमि सामाजिक सहभागिता का उदाहरण है

स्थापना दिवस के अवसर पर पाठकों ने हरिभूमि को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखबार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, रोजगार और आमजन से जुड़े मुद्दों को हमेशा प्रमुखता से प्रकाशित किया है। उपहार पाकर पाठकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। हरिभूमि का यह प्रयास न सिर्फ पाठकों को जोड़ने वाला है, बल्कि सामाजिक सहभागिता का एक सराहनीय उदाहरण भी है। हरिभूमि के 24 वर्षों की इस सफल यात्रा पर महासमुंद जिले के पाठकों ने अखबार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसी तरह जनहित में कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई।








संदीप सेन, चिंता राम खूंटे, अनीता देवांगन/रोशनी देवांगन, राजेंद्र सिदार, चंद्रप्रभा कन्नौजे, भामा यादव, दुर्गेश कुमार वर्मा, राकेश कुमार यादव।

# कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार समाज के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

कौड़यिा देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज पिथौरा में ठेठवार समाज के वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा राजिम, प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ महा सभा राजिम, संरक्षक कौड़िया देवरी राज पिथौरा के द्वारा किया गया। साथ ही सवलिया यादव प्रदेश महासचिव महासभा राजिम, संरक्षक उपमहासभा खल्लारी, तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी परिक्षेत्र, सोमकांत यादव(सचिव), घनश्याम यादव (कोषाध्यक्ष), विजय यादव (ठेठवार), उपाध्यक्ष माधोराम यादव, रिखी राम यादव, शंकर यादव, दुलार यादव (प्रमुख सलाहकार), डिगेश यादव (संचालक) उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा राजिम ने कैलेंडर प्रकाशन पर पूरे समाज को बधाई देते हुए कहा कि कैलेंडर समाज के क्रियाकलापों व गतिविधियों की जानकारी प्रदान करता है। तिथि व समय अनुसार कार्ययोजना बनाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से तीज त्योहारों की जानकारी प्राप्त होती है। यादव समाज में बहुत कम स्थानों



पर इस प्रकार कैलेंडर का प्रकाशन कराते हैं। यह एक बुद्धजीवी समाज का उदाहरण हैं। सचिव सोमकांत यादव ने बताया कि विगत 8 वर्षो से 16 पृष्ठीय रंगीन कैलेंडर का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसे निःशुल्क वितरण किया जाता है। पूरे ठेठवार समाज के प्रमुखों तक पहुंचे ऐसा प्रयास किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए सवलिया यादव प्रदेश महासचिव ने कहा कि कैलेंडर प्रकाशन समाज के गर्व की बात है, उपमहासभा खल्लारी के सिर्फ एक राज द्वारा इस प्रकार लगातार कैलेंडर प्रकाशन से अन्य राज भी इसी प्रकार अन्य सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे व समाज के उत्थान में भाग लेंगे। इस अवसर पर हरीश यादव संरक्षक व प्रांतीय उपाध्यक्ष, सवलिया यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा राजिम, अध्यक्ष तुलाराम यादव, सचिव सोमकांत यादव, ठेठवार विजय यादव, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रमुख सलाहकार दुलार यादव, उपाध्यक्ष माधोराम यादव, रिखी राम यादव, शंकर लाल यादव, संचालक डिगेश यादव, संचालक श्याम सुंदर यादव, खुलेश्वर यादव, केशव यादव, ओमप्रकाश यादव, चिंताराम यादव, तेजराम यादव, जगदीश यादव, खेमराम यादव, बलदाउ यादव, युधिष्ठिर यादव, खिलावन यादव, कुंद राम यादव, टीका राम यादव, तेजराम यादव, जगदीश यादव, जासल यादव, हरिप्रसाद यादव, जासल यादव, तिजऊ यादव, बसंत यादव, सालिक राम यादव उपस्थित रहे।

# कलेंडा में शिशुपाल कप का हुआ शुभारंभ

## प्रदीप गुप्ता की स्मृति दी जाएगी विजेता ट्राफी, अतिथियों ने आयोजन को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फुलझर क्रिकेट संघ के दिशा निर्देश पर कलेंडा में शिशुपाल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कुमारी भास्कर ने पीसीएस का ध्वज फहराकर किया। अतिथियों ने उद्घाटन मैच खेल रहे टीम बोंदा एवं गौरटेक के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आयोजन की सफलता के लिए मैदान में पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसरपंच रामबाई मधुसूदन पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में लिंगराज चौधरी, कलेंडा स्कूल के प्राचार्य एनएल भोई थे। मुख्य अतिथि ने शिशुपाल पर्वत के नाम से प्रतियोगिता आयोजित करने पर पीसीएस व आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख दी। उद्घाटन दौरान छोटे-छोटे स्कूली बच्चों द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को हाथ पकड़कर मैदान तक ससम्मान लाया जाना बहुत ही



आकर्षक रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष मिनकेतन पटेल और प्रबंधक नुराधन साहू ने बताया कि पीसीएस के निर्देश पर प्रतियोगिता में विजेता ट्राफी समाज सेवी प्रदीप गुप्ता की स्मृति में प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक मैच में मैन आफ द मैच का ईनाम बेस्ट कंप्यूटर की ओर से दिया जाएगा। बेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज, कीपर फील्डर का ईनाम वृंदावन फुटवेयर सरायपाली की ओर से तथा मैन आफ द टूर्नामेंट का ईनाम वृंदावन बैटरी द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 29 टीम भाग ले रहे हैं। 7 जनवरी को हुए उद्घाटन अवसर पर पूर्व सरपंच मिनकेतन पटेल, शंकर साहू, पीसीएस अधिकारी किरोटी स्वाईं, नुराधन साहू, आनंद विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी बंधु उपस्थित थे।

### बोंदा और गौरटेक के मध्य खेला गया उद्घाटन मैच

उद्घाटन मैच बोंदा और गौरटेक के मध्य खेला गया। निर्धारित 15 ओवर में बोंदा के चंदन ने 84 रन की पारी खेलकर 9 विकेट से जीत दिलाई इसके लिए मैन आफ द मैच चुना गया। स्थानीय होटल ग्रीन वैली में फुलझर क्रिकेट संघ साधारण सभा की बैठक 8 जनवरी को आहूत की गयी। जिसमें खेलों के सहयोगकर्ता समाज सेवी स्व प्रदीप गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गयी।

पीसीएस संरक्षक कामता पटेल की माता स्व सीता पटेल, पीसीएस संयुक्त सचिव देवदत्त बारिक की माता स्व हरिप्रिया बारिक के निधन पर भी श्रद्धांजलि देते हुए सभी दिवंगतों के लिए दो मिनट मौन रखा गया।

# अंबेडकर चौक से रेलवे फाटक तक सड़क मरम्मत



**महासमुंद।** लोक निर्माण विभाग द्वारा डॉ अंबेडकर चौक से रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क मरम्मत किया गया। तीन माह पहले लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया गया था कि सड़क में गड्ढे हो गए हैं, जिसे तत्काल ठीक कराया जाए। बरसात खत्म होने के बाद मरम्मत करने की बात की गई थी। गड्ढों में डामर भरकर सड़क का मरम्मत किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अभियंता से चर्चा करते हुए कहा कि अंबेडकर चौक से एकता चौक तक रोड का डामरीकरण पूरा कराए जाए। इस पर उन्होंने कहा कि मरम्मत के बाद पूरे रोड का डामरीकरण होगा। वर्तमान में अभी गड्ढे भर गए। जिससे लोगों को आवगमन में राहत मिलेगी।

# जिले में बुजुर्गों एवं दिव्यांग हितग्राहियों के ई-केवायसी की सतत कार्रवाई जारी

**महासमुंद।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राशनकार्डों में ई-केवायसी की प्रक्रिया निरंतर की जा रही है। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्थानीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से शिविरों का आयोजन कर शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन कार्डधारियों का ई-केवायसी कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित फेस ई-केवायसी एप मेरा ई-केवायसी के उपयोग के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिन हितग्राहियों का फिंगरप्रिंट तकनीकी कारणों से सत्यापित नहीं हो पा रहा है, वे वैकल्पिक माध्यम से ई-केवायसी पूर्ण कर सकते हैं। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्तर पर सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही ऐसे बुजुर्ग एवं दिव्यांग हितग्राही जिनका ई-केवायसी किसी कारणवश पूर्ण नहीं हो पा रहा है, उनके राशन कार्ड में नॉमिनी नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सविभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहे और सभी को सुचारू रूप से खाद्यान्न का वितरण किया जा सके।

### शीतलहर में मासूमों की सेहत से खिलवाड़! ठंड से कांपते बच्चे स्कूल जाने को मजबूर, प्रशासन मौन

**झलप।** पूरा क्षेत्र इस समय भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। सुबह के समय तापमान बेहद नीचे चला जाता है, लेकिन इसके बावजूद नन्हे स्कूली बच्चों को रोजाना ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल भेजा जा रहा है। कांपते हाथ-पैर, नीले पड़ते होंठ और बीमार पड़ते बच्चे इस बात का साफ संकेत हैं कि हालात गंभीर हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिले से लगे कई सीमावर्ती जिलों में जिला प्रशासन ने हालात की गंभीरता को समझते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है, वहीं यहां अब तक इस संबंध में कोई आदेश जारी नही हुआ है। यह रवैया सीधे-सीधे बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के बराबर है। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह की ठंड में बच्चों को सुबह स्कूल भेजना खतरनाक हो सकता है। सर्दी-खांसी, बुखार, निमोनिया और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। अभिभावकों में भारी आक्रोश है। उनका साफ कहना है कि अगर पड़ोसी जिलों में अवकाश संभव है तो हमारे जिले में क्यों नहीं? क्या यहां के बच्चों की जान की कीमत नही है? जनता, अभिभावक और सामाजिक संगठन मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए या स्कूल समय में बदलाव कर बच्चों को राहत दी जाए।



### कक्षा चौथी के प्रश्नपत्र में 'राम' नाम पर विवाद, पिथौरा में हिंदू समाज का विरोध प्रदर्शन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के अर्धवार्षिक प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्न में "मोना के कुत्ते का क्या नाम है?" पूछते हुए विकल्पों में 'राम' नाम शामिल किए जाने से सर्व हिंदू समाज में गहरा आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर सर्व हिंदू समाज के लोगों ने बार चौक में एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। और जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे का पुतला दहन किया और प्रश्नपत्र को हिंदू आस्था का अपमान बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। इस दौरान "जय श्री राम" के नारे भी लगाए गए। सामाजिक लोगों का कहना है कि भगवान श्रीराम का नाम हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है, ऐसे पवित्र नाम को इस प्रकार प्रश्नपत्र में शामिल करना निंदनीय है। उन्होंने शिक्षा विभाग से दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न होने की मांग की।



### राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता उदयपुर के लिए जिले के 2 खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (हॉकी अंडर 19 वर्ष) का आयोजन 12 से 17 जनवरी 2026 तक उदयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया है, जिसमें स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल महासमुंद से भूपेंद्र साहू पिता मोहन लाल साहू सुभाष नगर एवं कुनाल कुलदीप पिता रूपेश कुलदीप पीटियाझर महासमुंद का चयन हुआ हैं। खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 7 से 9 जनवरी तक राजनांदगांव में आयोजित है। जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ की टीम उदयपुर के लिए रायपुर से शुक्रवार दोपहर रवाना होगी। चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड ऐतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष राहूल चंद्राकर, सचिव राजेश दीवान, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य आदर्श विद्यालय हेमेंद्र आचार्य, प्राचार्य आशीबाई गोलछा स्कूल जीआर सिंहा, हेमंत डड़सेना, तोषण गिरी गोस्वामी, भारती सोनी, समस्त व्यायाम शिक्षक, अंजनी साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. सेवन मानिकपुरी, निलिमा राजपूत, हिरेंद्र साहू, रोशनी ध्रुव, इंद्राणी भास्कर, रामेश्वरी दीवान, हिरेंद्र देवांगन, गणेश कोसरे, हिरेंद्र साहू आदि ने हर्ष जताया है।

## महिला एवं बाल विकास की समीक्षा बैठक में सीईओ हेमंत नंदनवार ने दिए निर्देश

# कुपोषण में कमी लाने नियमित गृह भेंट करें : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा ली। बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष आयोजित हुआ। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जाटवर, समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में कुपोषण स्तर की समीक्षा उपरांत बच्चों की वजन मापन एवं पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित गृहभेंट कर परिवार के सदस्यों को कुपोषित बच्चों के पालन पोषण, उचित देखभाल व बच्चों के पोषण आहार की




आवश्यक जानकारी प्रदाय कर कुपोषण स्तर में कमी लाने, किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक टैबलेट, गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को टीएचआर शत प्रतिशत नियमित रूप से प्रदाय किए जाने के लिए निर्देश किया गया। सीईओ नंदनवार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में अधोसंरचना की समीक्षा करते हुए समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधा यथा स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय उपलब्ध हो संबंधी निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की रिक्त पदों की शत प्रतिशत नियुक्ति शीघ्र-अतिशीघ्र किये जाने, आमंत्रित आवेदनों में तत्काल कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गए। आंगनबाड़ी भवन मरम्मत व नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृति के संबंध में पत्र प्रस्तुत करने पर आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने को कहा गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की समीक्षा उपरांत सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने व हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### राजपूत समाज का नववर्ष मिलन समारोह 11 को

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद द्वारा 11 जनवरी 2026 को सामाजिक भवन नयापारा में संध्या 04 बजे नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू करेंगे। इस अवसर पर समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अतिथियों का साफ़ा पहनाकर तलवार भेंटकर सम्मान किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदौरिया व राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर ने अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर में विभिन्न प्रतियोगिता 11 से

**महासमुंद।** स्थानीय ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर द्वारा प्रति वर्ष की भांति युवा दिवस पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 11 जनवरी को भारत में लोकतंत्र, वर्तमान में विज्ञान का वरदान या अभिशाप, शिवाजी के जीवन में हिन्दुत्व प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता 11 से 12 बजे तक। 12 से 12.30 बजे तक महान पुरूषों के चित्र पर आधारित, पर्यारण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता के अलावा छत्तीसगढ़ी लोक गीत तथा राष्ट्रभक्ति धार्मिक गीत पर अधारित एकल नृत्य प्रतियोगिता रखा गया है।

### स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 को

**महासमुंद।** ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा नीलकंठराव साकरकर उमाशा के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी दोपहर 2 बजे स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथिगण पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, अध्यक्ष छग बीज निगम चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्ष जिला प्राइवेट स्कूल एसो. जार्ज रावटे होंगे। उक्त जानकारी प्राचार्य पूजा सिन्हा ने दी है।

### आयोजन : बसना में श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया प्रकाश पूरब

# गुरू गोविंद सिंह 359वीं प्रकाश पर्व पर बसना में विशाल नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- गुरुद्वारा साहिब में लगातार 7 दिन तक प्रात : 5 बजे निकाली गई प्रभात फेरी

सिक्ख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक धन-धन गुरु गोविंद सिंह के 359 वें प्रकाश पूरब के पावन अवसर की खुशी में सिख समाज बसना द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रकाश पूरब बड़ी श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब बसना में लगातार 7 दिन तक प्रात:5 बजे गुरुद्वारा साहिब बसना से प्रभात फेरी बसना नगर का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा साहिब बसना में वापस पहुंचती रही।

जिसमें सिख धर्म की महिला श्रद्धालुओं द्वारा गुरु वाणी का गायन करते नगर में प्रभातफेरी के माध्यम से गुरुओं के त्याग बलिदान और उनके अमृत वाणियों से जागरुकता फैलाने का शुभ कार्य किया। 6 जनवरी को गुरुद्वारा में दोपहर को विशेष दीवान सजाया गया। जिसका समापन पश्चात गुरु का अटूट अलंकार सजाया गया। शाम 4 बजे गुरुद्वारा साहिब से धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती पांच प्यारों की अगुवाई एवं नानक नाम लेवा संगत की हाजिरी में विशाल नगर कीर्तन छत्तीसगढ़ की विभिन्न सांस्कृतिक कर्मा, सुआ, पंथी नृत्य के साथ चौक चौराहों में हैरतअंगेज करतब दिखाते अखाड़ा दल के साथ गुरु नानक धर्मशाला से प्रारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गायत्री मंदिर, राम-जानकी मंदिर थाना चौक, शहीद वीर नारायण सिंह चौक होकर गुरुद्वारा साहिब बसना में समापन हुआ। नगर कीर्तन में मुख्य रूप से राजनांदगांव से आई पाल की साहब जो की ठंडा बुर्ज ऐतिहासिक गुरु धाम फतेहगढ़ साहिब की आकृति में धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया था। साथ ही धन-धन बाबा दीप सिंह सेवादल रायपुर के वीरों द्वारा शब्द गायन की प्रस्तुति की गई। गुरु ग्रंथ साहिब की सत्कार में सबसे आगे पानी से धोकर मार्ग को साफ कर बुहारने पश्चात फूलों की वर्षा हो रही थी। निशांत साहब जो कि सिख धर्म का प्रतीक है के साथ पंज प्यारे बहुत ही सुंदर पालकी साहिब में से गुरु ग्रंथ साहिब दर्शनार्थ विराजमान थे। उसके पीछे नानक नाम लेवा संगत गुरबाणी का गायन करते हुए पूरे नगर में भ्रमण करते हुए समापन गुरुद्वारा साहिब बसना में हुआ। इस नगर कीर्तन में आकर्षण का मुख्य केंद्र दरबार साहिब अमृतसर की तरह सुंदर पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब का सुखानसा साहिब की सेवा संपूर्ण की गई, जिसे लेकर नगर में इस आयोजन की प्रशंसा हो रही है।



**ये रहे उपस्थित**

नगर कीर्तन का स्वागत अग्रवाल समाज, बंजारा समाज, राम जानकी मंदिर समिति, मुस्लिम समाज, सतनामी समाज, बसना विधायक संपत अग्रवाल, मानिकपुरी समाज, एहसान दानी, गुरबख्श बजाज, सिंधी समाज, सरदार सायकल एवं आटो परिवार के अलावा सिख समाज के लोगों ने जगह-जगह धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब पांच प्यारों एवं नगर कीर्तन का सुंदर ढंग से स्वागत सत्कार किया गया। पंज प्यारों के रूप में नवजोत सिंह सलूजा, कृपाल सिंह रंधावा, तजिंदर सिंह छाबड़ा, अर्शदीप सिंह तलूजा, तरणजीत सिंह, अरोरा ऋषि, निशान साहेब यशपाल सिंह अरोरा, जगजीत सिंह अरोरा आशुतोष, अमित सिंह फूलझर, जसदीप सिंह ने सेवाएं दी। इस दौरान सिख समाज के प्रमुखगण लालसिंह छाबड़ा, मंजीतसिंह सलूजा, सरिन्दर सिंह मन्नू, जसवंत सिंह सलूजा, गुरबख्श सिंह तलूजा, मुखविंदर सिंह, राजा रंधावा, भगतराम वधवा, भूपेंद्र सलूजा, सतपाल सिंह छाबड़ा, हरजिंदर सिंह,रंजीत सिंह, गिरधारी जसपाल वधवा, जनरैल सिंह, धर्मपाल सिंह, महिपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, मनजीत सिंह, वारियाम सिंह, बबलू सलूजा, गोल्डी छाबड़ा, बंटी सलूजा, जितेंद्र सिंह दविन्दर होरा, इकबाल सिंह मनजीत छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह, मनीष चिंटू वधवा, राजू त्रिलोचन तलूजा, तेजपाल सिंह, रणवीर सिंह, महेन्दर सिंह अरोरा, विकास वधवा, गुरदीप सिंह, चिंटू कालड़ा, मलकीत सिंह, पूरनसिंह एवं बसना, सांकरा, गढ़फुलझर, पिथौरा, सरायपाली, झलप, भंवरपुर सिख समाजजन एवं सैकड़ों महिलाओं के अलावा सर्व समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# जेपीएल क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए नपाध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) महासमुंद के अंतर्गत आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक नज़ारा मिनी स्टेडियम महासमुंद में देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं दर्शकों के साथ क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर मंच पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, जैन समाज महासमुंद के अध्यक्ष राजेश लूनिया, भागचंद गोलछा, पारस चोपड़ा, कांति लाल कोचर, प्रकाश चंद गोलछा, बसंत लूनिया, सुशील बोथरा, खिलावन बघेल एवं निर्मल जैन की उपस्थिति रही।

पालिका अध्यक्ष साहू ने जैन प्रीमियर लीग के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे एवं खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति सें रितेश गोलछा, प्रशांत चोपडा मुकेश चौराड़िया, सुमीत जैन, सौरभ मालूम, तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटाड़िया ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

## विधायक ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को वितरित की साइकिल



**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पहार से किया गया। उन्होंने कहा कि यह योजना छात्राओं की शिक्षा के लिए समर्पित है, जिन छात्राओं को अपने घर से स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब नहीं होता है। हमारी बेटियों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए इसके लिए हमारी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है।

# बुद्धि और विवेक से चलती है जीवन रूपी शतरंज : करुणा

## महिला वर्ग में पिथौरा की संजीता व पुरुष वर्ग में भाटापारा के लक्ष्मीकांत बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय (महिला-पुरुष) शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज महासमुंद में किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि मेजबान महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे थीं। अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक अजय राजा ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुकेश साहू मंचस्थ थे।

प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से करुणा दुबे ने कहा कि जीवन की हर चाल में बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है-ठीक शतरंज की तरह। जैसे शतरंज की बिसात पर एक-एक चाल सोच समझकर चलनी पड़ती है वैसे ही जीवन रूपी शतरंज बुद्धि और विवेक से चलती है। शतरंज हमें सिखाता है कि सफलता कभी भी जल्दबाजी या अविवेकपूर्ण कार्य से नहीं मिलती बल्कि सोच-समझकर लिए गए निर्णयों से मिलती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव एवं प्रतियोगिता के निर्णायक हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि बलौदाबाजार महासमुंद परिक्षेत्र से कुल 13 महाविद्यालयों से 57 खिलाड़ियों ने सेक्टर लेवल की इस चैंपियनशिप में सहभागिता की थी। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार पांच-पांच चक्रों में हुई। इसके चयनित खिलाड़ी 21 से 22 जनवरी को महंत कॉलेज रायपुर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेने की पात्रता रखेंगे।

प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ियों महिला वर्ग में प्रथम संजीता साहू पिथौरा (4.5 अंक), द्वितीय रोशनी साहू बलौदाबाजार (4.5 अंक), तृतीय लीलामृत पिथौरा (4 अंक), चतुर्थ गीता साहू भाटापारा (4 अंक), पंचम भूमिका वर्मा बलौदा (3 अंक), षष्ठ राजलक्ष्मी बलौदाबाजार (3 अंक)। पुरुष वर्ग में प्रथम लक्ष्मीकांत भाटापारा (5 अंक), द्वितीय सुरेंद्र साहू भाटापारा (4.5 अंक), तृतीय मनीष गुलाबवाणी भाटापारा (4.5अंक), चतुर्थ अमरदीप सरायपाली (4 अंक)। पंचम शिवम यदु कोहका (4 अंक), षष्ठ वैभव साहू भाटापारा (4 अंक)। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत किए दिलीप बढ़ई भूगोल विभागाध्यक्ष, डॉ रविंद्रनाथ मिश्रा, डॉ विकास साहा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी ने विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए क्रीड़ा अधिकारी पालन दीवान व प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक हेमंत खुटे को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आर्बिटर पैनल में रामकुमार विश्वकर्मा व चंदन विश्वकर्मा को शामिल किया गया था। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेश शर्मा द्वारा किया गया तथा उपस्थित जनों का आभार क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे ने माना।

## प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी बालोद में महासमुंद से 164 सदस्यीय दल शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली जिला बालोद छत्तीसगढ़ में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ के नेतृत्व में होने जा रहा है। इस जंबूरी में महासमुंद जिला से 77 रोवर्स 68 रेंजर्स, 18 प्रभारी लीडर्स को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदाधिकारीगण येतराम साहू जिलाध्यक्ष, जय पवार एवं सुधा साहू उपाध्यक्षद्वय, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट ने हरी झंडी दिखाकर प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी दुधली के लिए रवाना किए। विकासखंड से प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला प्रभारी लता वैष्णव रेंजर विंग, झनेश साहू स्काउट विंग जिला प्रभारी, सहायक प्रभारी के रूप में अजय कुमार तांडी, बेदराम रात्रे, महेश्वरी लाउत्रे, विजय कुमार सिन्हा, यशवंत कुमार चौधरी, चक्रधर प्रसाद डडसेना, पुष्पांजलि चौधरी, विलास बाघ, टेकलाल पटेल, ईश्वरी पोर्रे, बागेश्वरी घृतलहरे, रोहित शर्मा जिला की ओर से सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर जिला एवं ब्लाक पदाधिकारीगण दाऊलाल चंद्राकर, जय पवार, सुधा साहू, कौशलेंद्र वैष्णव, विजय कुमार लहरे, नंद किशोर सिन्हा, अंजलि बरमाल, कुबेर गिरी गोस्वामी, भारत साहू, प्रमोद कन्नौजे, लीनू चंद्राकर, तुलेंद्र सागर, राम कुमार साहू, कमल लूनिया, वोमन लाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# किसान हित में धान खरीदी केंद्र का किया मुआयना : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किसान हित में भाजपा शासन को खरीदी मात्रा और समय बढ़ाना पड़ेगा, उठाव तत्काल हो



कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि उन्होंने धान खरीदी केंद्र घोटियापानी, कछारडीह और कसेकेरा का औचक निरीक्षण किया, जहां कुछ दिनों में धान खरीदने के लिए जगह नहीं बचेगी। अंकित ने बताया कि वहां जितने भी स्टेक हैं या जो भी धान खरीदी हो रही है उन सबमें मात्रा से 200 ग्राम धान ज्यादा किसानों से लिया जा रहा है। याने क्विंटल पीछे लगभग 500 ग्राम ज्यादा लिया जा रहा है। घोटियापानी समिति को कुल 64000 क्विंटल का लक्ष्य है, कछारडीह 82000 क्विंटल, कसेकेरा को लगभग 1 लाख क्विंटल। अब इसे हिसाबे तो कमाई का आंकड़ा समझ आ जायेगा और मॉइस्चर के नाम से जो कट्टे अतिरिक्त लिए जाते हैं वो अलग है।

अंकित ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार को धान ना खरीदना पड़े उसके लिए लगातार षड्यंत्र हो रहा है, रकबा तो ऐसा काटा जा रहा है, जैसे किसान चोर है, लबालब भरे खरीदी केंद्र, जगह की कमी, टोकन कटाने की समस्या, बारदाने की समस्या बस समस्या ही समस्या से किसान त्रस्त होते जा रहे हैं। अंकित ने बताया कि घोटियापानी, कछारडीह, कसेकेरा की सबसे बड़ी समस्या उठाव का ना होना है। इसमें से कछारडीह को तो नई जगह में खरीदी शुरू करनी पड़ चुकी है, कसेकेरा समिति ने नई जगह बना ली है अर्थात नया स्टाफ़ और नए चौकीदार, घोटियापानी कुल क्षमता 7000 क्विंटल के ऊपर को बफर स्टॉक माना गया है। और वहां आज दिनांक तक 32 हजार क्विंटल खरीदी की गई है। कछारडीह 43000 क्विंटल और बफर लिमिट है 11000 क्विंटल, कसेकेरा में 53000 ओर बफर लिमिट है 14000 क्विंटल सभी को लगभग उतना ही खरीदना है और मात्र 18 दिन शेष है। जबकि, जितने किसानों से धान लिया है उतने से ही और लेना है जो कि 18 दिनों में बिना तत्काल लिमिट बढ़ाये संभव नहीं है, और जितना बारदाना वहां है उससे दोगुने की जरूरत है। घोटियापानी में कृषक शंकर चंद्राकर ने बताया कि मेरे कुल रकबे का 2 एकड़ काट दिया गया और आवेदन करने के बाद भी कोमाखान तहसील के चक्कर लगा लगा कर थक गया उनका रकबा नहीं सुधरा है। अंकित ने शासन से मांग की कि मात्र 18 दिन शेष है इसे बढ़ाया जाए, खरीदी की लिमिट बढ़ाया जाए, नए बारदाने उपलब्ध करवाए जाए और तत्काल खरीदी मात्रा और उठाव शुरू करना पड़ेगा अन्यथा वहां धान खरीदी रुक जाएगी।

## प्रश्न पेपर में राम नाम के अपमान की घटना निंदनीय, जिम्मेदारों पर हो सख्त कार्रवाई : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- शिक्षा विभाग के इस कृत्य से शासन की छबि धूमिल हुई, करेंगे कार्रवाई की मांग

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसायटी के अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि कल एक दुःखद वाकया सामने आई, जिसमें श्वान के नाम के चार विकल्पों में राम नाम का भी विकल्प दिया गया। यह एक दुःखद व निंदनीय कृत्य है। प्रशासन को इस तरह के कृत्य पर तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाना चाहिए। भगवान राम भारत की आत्मा है। उनके नाम का इस तरह से अपमान जनक उल्लेख किया जाना शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना हरकत को दर्शाता है। शिक्षा विभाग के इस कृत्य से शासन की छबि धूमिल हुई है। इस कृत्य पर जिम्मेदारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिलकर किया जाएगा। साहू ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस गंभीर घटना को प्रकाशक / प्रिंटर की त्रुटि बताई जा रही है, जो सरासर अपनी गलती पर पर्दा डालने जैसा कृत्य है।

# बागबाहरा महाविद्यालय से दो खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- 10 से रावेनशॉ विवि कटक में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि क्रिकेट में लेंगे हिस्सा



शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के दो क्रिकेट खिलाड़ी सोहित तिवारी और सत्यम वैष्णव का चयन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम में हुआ है। यह महाविद्यालय इतिहास में पहली बार है जब महाविद्यालय का कोई क्रिकेट खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम में जगह बनाने में कामयाब हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी 10 जनवरी से रावेनशॉ विश्वविद्यालय कटक (ओडिशा) में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधत्व करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थीयों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इससे ऊंचे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को एक अतिरिक्त कैरियर चुनने का मौका भी मिलता है। इस वर्ष महासमुंद महाविद्यालय के अनुरोध से सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आधे मैच का आयोजन बागबाहरा में हुआ। डॉ. लक्ष्मण सिंह साहू प्रमुख ग्रंथपाल एवं गजानंद बुड़ेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के विशेष सहयोग से मिनी स्टेडियम बागबाहरा और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए टाउनहॉल का व्यवस्था करवाया गया था। इसी के कारण बागबाहरा के खिलाड़ियों को अपने होम ग्राउंड पर खेलने का मौका मिला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों का प्रत्येक मैच में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। राज्य स्तरीय में भी सोहित तिवारी ने दो मैच में 6 विकेट और ओपनर सत्यम वैष्णव ने एक मैच में 84 रन की पारी खेलते हुए दो मैच में कुल 106 रन बनाए। इसी प्रदर्शन के अनुसार ही इन दोनों खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में हुआ है। इनकी उपलब्धियों पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।




